# वायु सेना 3 लाख करोड़ के हथियार खरीदेगी

## एचएएल के साथ 40 तेजस मार्क1 और 83 तेजस मार्क आईए लड़ाकू विमान खरीदने के लिए अनुबंध पर लगी मुहर

अजय शुक्ला

भारतीय वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी ने मंगलवार को कहा कि देश की वायु सेना अगले सात-आठ वर्षों में 2.5-3 लाख करोड़ रुपये की लागत से नए सैन्य उपकरण खरीदने पर विचार कर रही है। वायु सेना दिवस की पूर्व संध्या पर संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए चौधरी ने कहा कि वायु सेना वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी), खासतौर पर पूर्वी लद्दाख में हालात पर लगातार नजर रख रही है। उन्होंने कहा, 'एलसीएच (हल्के लड़ाकू हेलिकॉप्टर), एलसीए (हल्के लड़ाकू विमान) मार्क 1ए, एचपीआर (शक्तिशाली रडार), और सीआईडब्ल्यूएस (नजदीक से हमला करने वाले हथियार की प्रणाली) खरीद का अनुबंध करार आखिरी चरण में है और इसकी लागत करीब 1.72 लाख करोड़ रुपये है।'

चौधरी ने कहा, 'इस साल सालाना नकदी खर्च करीब 41,180 करोड़ रुपये का है। इस वित्त वर्ष के अनुबंध करार की बात करें तो केवल घरेलू स्तर की खरीद पर ही लगभग 16,000 करोड़ रुपये खर्च होंगे।' उन्होंने कहा कि वायु सेना ने 97 तेजस मार्क 1ए हल्के लड़ाकू विमान खरीदने की योजना बनाई है और इसके अलावा इसने हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ 40 तेजस मार्क1 और 83 तेजस मार्क आईए लड़ाकू विमानों की खरीद पर मुहर लगाई है।

एक सवाल के जवाब में एयर चीफ मार्शल ने जानकारी दी कि भारतीय वायु सेना ने रूस से जमीन से हवा में निशाना साधने वाली तीन मिसाइल एस-400 मंगा ली है और अगले साल तक ऐसी दो और मिसाइलें मिल जाएंगी।



एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी

वायु सेना प्रमुख ने कहा कि भू-राजनीतिक स्थिति (भारत के पड़ोस में) में काफी अनिश्चतता है ऐसे में एक मजबूत सेना की आवश्यकता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि परिस्थितियों के हिसाब से ही भारतीय वायु सेना क्षेत्र में सैन्य ताकत दिखाएगी।

उन्होंने कहा, 'भारतीय वायु सेना, स्वदेशी विमान परियोजनाओं का तेजी से विकास और संचालन, लगातार निगरानी की क्षमता, सेंसर और शूट के समय में कमी करना, लंबी दूरी के सटीक हमले और कई डोमेन वाली क्षमता के विकास पर जोर दे रही है।' उन्होंने कहा कि पिछले महीने भारतीय वायु सेना की 11 स्क्वाड्रन में पहले सी-295 मध्यम स्तर के परिवहन विमान को शामिल किया गया जो भारत के रक्षा उद्योग को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण पड़ाव है।

उन्होंने कहा कि पूरी परियोजना के तहत स्पेन में 16 सी-295 विमान और भारत में 40 विमान बनाये जाने हैं। इससे करीब 42.5 लाख मानव श्रम के घंटे की गुंजाइश बनेगी और प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष तरीके से करीब 6,000 रोजगार और कौशल रोजगार के अवसर तैयार होंगे। सात राज्यों में फैले लगभग 125 सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम, 13,400 से अधिक पार्ट्स, 4,600 सब-असेंबली और सात प्रमुख कंपोनेंट असेंबली निर्माण शामिल होगा।

वायु सेना प्रमुख ने कहा कि भविष्य के लिए तैयार रहने के मकसद से सशस्त्र बलों का अनुसंधान एवं विकास (आरऐंडडी) जरूरी है। उन्होंने कहा कि रक्षा क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए नवाचार (आईडीईएक्स) और मेक प्रोग्राम ने रक्षा क्षेत्र से जुड़े आरऐंडडी के लिए 'मेक इन इंडिया' पहल को रफ्तार दी है।

चौधरी ने कहा कि वायु सेना ने आईडीईएक्स प्रोग्राम के तहत यूएएस (मानव रहित हवाई प्रणाली) रोधी समझौते पर हस्ताक्षर कर स्वदेशीकरण की पहल की है। उन्होंने कहा, 'हम इस रास्ते पर आगे बढ़ रहे हैं और हाल ही में स्वार्म अनमैन्ड म्युनिशन सिस्टम्स का अनुबंध किया गया है जो भारतीय वायु सेना द्वारा शुरू की गई बेहद सफल मेहर बाबा स्वार्म ड्रोन प्रतियोगिता का परिणाम है।'

उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय वायु सेना ने लघु अवधि के लिए एयरमैन की भर्ती वाली अग्निपथ योजना के सफल क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।

# कनाडा से 41 राजनयिकों को वापस बुलाने को कहा : रिपोर्ट

**भारत** ने कनाडा से 10 अक्टूबर तक उसके 41 राजनयिकों को देश से वापस बुलाने को कहा है। फाइनैंशियल टाइम्स अखबार ने मंगलवार को अपनी खबर में यह जानकारी दी। नई दिल्ली द्वारा ओटावा को भारत में अपनी राजनयिक उपस्थिति कम करने के लिए कहने के 12 दिन बाद आई खबर पर न तो भारत और न ही कनाडा ने कोई प्रतिक्रिया व्यक्त की। खबर में कहा गया है कि कनाडा के भारत में 62 राजनयिक हैं और नई दिल्ली ने कहा कि यह संख्या 41 कम की जानी चाहिए। इस बीच कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा कि कनाडा भारत के संबंध 'बेहद चुनौतीपूर्ण दौर' से गुजर रहे हैं। खालिस्तानी अलगाववादी की हत्या मामले को लेकर दोनों देशों में जारी राजनयिक विवाद के बीच ट्रूडो ने कहा कि ओटावा भारत के साथ 'रचनात्मक संबंध' जारी रखेगा। **भाषा**

आज़ादी का अमृत महोत्सव
www.bankofbaroda.in
बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

**निविदा सूचना**

बैंक ऑफ़ बड़ौदा निम्नलिखित के लिए प्रस्ताव आमंत्रित करता है:

1. बैंक ऑफ़ बड़ौदा द्वारा प्रायोजित आरआरबी के डेटा केंद्रों के लिए वीएमवेयर लाइसेंस की खरीद ।
2. सप्लाई चेन वित्त समाधान की आपूर्ति, कार्यान्वयन और रखरखाव के लिए सेवा प्रदाता का चयन ।

विस्तृत विवरण बैंक की वेबसाइट पर **www.bankofbaroda.in** के निविदा खंड के अंतर्गत और सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) पोर्टल पर उपलब्ध हैं।

"परिशिष्ट", यदि कोई हो, बैंक की वेबसाइट पर **www.bankofbaroda.in** के निविदा खंड में जारी किया जाएगा । प्रस्ताव को अंतिम रूप से प्रस्तुत करने से पहले बोलीकर्ता इसे अवश्य देख लें ।

**बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि: 25 अक्टूबर 2023**

**स्थान: मुंबई**
**दिनांक: 04.10.2023** **मुख्य महाप्रबंधक (आईटी)**
83/23-24

# छत्तीसगढ़ : मोदी ने किया परियोजनाओं का लोकार्पण

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि केंद्र ने 2014 से पहले दिए गए बजट की तुलना में पिछले नौ वर्षों में छत्तीसगढ़ में रेलवे परियोजनाओं के लिए बजट आवंटन में 20 गुना वृद्धि की है। मोदी छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने नगरनार स्थित एनएमडीसी स्टील लिमिटेड के इस्पात संयंत्र सहित 26,000 करोड़ रुपये की कुछ परियोजनाओं का लोकार्पण किया और कुछ की आधारशिला रखी। यह संयंत्र 23,800 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनकर तैयार हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्य के बस्तर जिले के नगरनार में एनएमडीसी स्टील लिमिटेड इस्पात संयंत्र से बस्तर और आसपास के क्षेत्रों के 50,000 युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

### तेलंगाना में 8 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तेलंगाना में बिजली, रेल व स्वास्थ्य जैसे महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों की लगभग 8,000 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने एनटीपीसी की तेलंगाना सुपर थर्मल पावर परियोजना के तहत बनाए जा रहे 800 मेगावॉट के संयंत्र के पहले चरण का लोकार्पण किया। प्रधानमंत्री ने इसके अलावा मनोहराबाद और सिद्दीपेट के बीच नई रेलवे लाइन और धर्माबाद और मनोहराबाद के बीच रेलवे लाइन के विद्युतीकरण का भी लोकार्पण किया। **भाषा**

पंजाब नैशनल बैंक .......भरोसे का प्रतीक (A GOVERNMENT OF INDIA UNDERTAKING) pnb punjab national bank ...the name you can BANK upon!

सर्कल ऑफिसः साउथ दिल्ली,
योजना एवं विकास विभाग
यूजीएफ, भीकाजी कामा प्लेस

**लॉकरों के लिए ब्रेक ओपन नोटिस**

पंजाब नैशनल बैंक ने अपनी विभिन्न शाखाओं के माध्यम से नीचे तालिका में यथाउल्लिखित संबंधित लॉकर किरायेदारों को सेफ डिपोजिट वॉल्ट्स (लॉकर्स) किराये पर दिए थे।

लॉकर किरायेदारों द्वारा तीन वर्षों से अधिक से किराया भुगतान नहीं किया है और उनके खिलाफ किराया का बकाया है। बैंक ने लॉकर किराये के बकाया अतिदेय के भुगतान हेतु संबंधित लॉकर किरायेदारों को तीन नोटिस जारी किए, किंतु अभी तक किराये का भुगतान नहीं किया गया है।

| क्र. सं. | लॉकर सं. | ग्राहक का नाम | क्र. सं. | लॉकर सं. | ग्राहक का नाम | क्र. सं. | लॉकर सं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | **बीओः लोधी रोड (012800)** | | | **बीओः प्रेसीडेंट्स एस्टेट (053920)** | | | **बीओः नौरोजी नगर (061200)** |
| 1. | AF00933 | रूप कमल भटनागर, एन के और दिनेश | 1 | AA00070 | भगवान दत्त शर्मा | 1 | AA00017 | पूजा शर्मा |
| | | **बीओः मालवीय नगर (064700)** | | | **बीओः लाजपत नगर (099200)** | 2 | AA00089 | नरेश कुमार और श्रीमती राजेश |
| 1. | AI00776 | कांता धींगरा | 1. | AD02416 | शमा गुप्ता | 3 | AB00161 | सरोज चंद्र |
| | | **बीओः ईसीई हाऊस (112000)** | | | **बीओः ग्रेटर कैलाश 2 (146700)** | 4 | BB00272 | सुनील कुमार |
| 1. | AI00776 | नवीन मल्होत्रा | 1. | AK00901 | रुकमा देवी | | | **बीओः चिराग-दिल्ली (150400)** |
| | | लाजवंत कौर | 2. | AK00918 | कुलदीप कौर और सुरिन्दर पाल सिंह | 1. | AC00021 | रेखा चौधरी |
| 1. | AA00010 | ज्योति मल्होत्रा राकेश मल्होत्रा | 3. | AQ01495 | मधु कौल और आर के कौल | | | **बीओः खानपुर (151400)** |
| 2. | AA00048 | रविन्दर मेहरा | | | **बीओः वसंत विहार डी ब्लॉक (153000)** | 1. | AF00331 | सुनीता सिंह |
| 3. | AA00222M1 | स्वर्ण रानी मल्होत्रा | 1. | AB00026 | प्रकाश सोनी और ए के सोनी | | | **बीओः भीकाजी कामा प्लेस (198800)** |
| 4. | AA00470M1 | अनीता धाम | 2. | AC00246 | नीलम सरीन | 1. | AG00547M1 | गीता सचदेवा और कुंवर सचदेवा |
| 5. | AA00608M1 | राजेश सिंह | 3. | AF00067 | संजीव खुराना और सबीना खुराना | | | **बीओः जंगपुरा एक्सटेंशन (309000)** |
| 6. | AA01478M1 | दिनेश शर्मा और पुष्पा शर्मा | 4. | AG00076 | तेजेन्दर सिंह विरदी और सोनिया विरदी | 1. | AE00086 | स्नेहा सेठी |
| 7. | AB00152 | अंबारादौर कार्ड्स प्रा. लि. | 5. | AI00123 | सिद्धार्थ कुमार और | 2. | AN00061 | दया आहूजा |
| 8. | AC00226 | परदीप कुमार | | | आशा संतोष कुमार | | | **बीओः सरिता विहार (397600)** |
| 9. | AD00292 | स्वर्ण बाला कुमार | 6. | AI00744 | अनु मोदगिल | 1. | AA00025 | अजीत सहगल |
| 10 | AD00301 | बीना बंसल | 7. | AJ00011 | चनन सिंह जौहल | | | **बीओः वसंत कुंज (411400)** |
| | | **बीओः गीतांजलि एन्कलेव (154600)** | 8. | AJ00090 | सोनिया तिवारी | 1. | AI00797 | आशा कपूर |
| 1. | AP00053 | अशोक कुमार शर्मा | 9. | AK00867 | शुभ लक्ष्मी नायडू | | | |
| | | | 10. | AK00873 | सुनंदा प्रुथि | | | |

लॉकर किरायेदारों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त लॉकरों के किराये का भुगतान इस नोटिस के 3 माह के अंदर नहीं किया जाता है तो किराया विलेख के खंडों के अनुपालन में संबंधित लॉकर किरायेदार के हर्जे-खर्चे पर लॉकर तोड़कर खोले जायेंगे और बैंक लॉकर की समस्त अंतर्वस्तुओं या इसके किसी भाग की सार्वजनिक अथवा निजी बिक्री द्वारा अपने देयों की वसूली करेगा। बैंक के देयों को पूरा कर दिए जाने के बाद शेष कोई राशि और/या लॉकर की अंतर्वस्तु बैंक द्वारा संबंधित लॉकर किरायेदार के पूर्ण जोखिम, जिम्मेदारी और लागत पर बैंक के अधिकार में रखे जायेंगे। ऐसी बिक्री से प्राप्त राशि के बैंक देयों की वसूली के लिए अपर्याप्त होने पर लॉकर किरायेदार कमी के लिए देनदार होगा।

**दिनांकः 04.10.2023, स्थानः नई दिल्ली** **सर्कल ऑफिसः साउथ दिल्ली, पंजाब नैशनल बैंक**

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक ! punjab national bank ...the name you can BANK upon !

शेयर विभाग, बोर्ड और समन्वय प्रभाग
प्लाट संख्या.4, द्वारका सेक्टर 10, नई दिल्ली-110075
ई-मेल आईडी: hosd@pnb.co.in फोनः 011-28044857

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे उल्लिखित बैंक का शेयर प्रमाण पत्र खोने/गुम/चोरी होने के रूप में रिपोर्ट किया गया है और इसके पंजीकृत धारकों/दावेदारों ने डुप्लिकेट शेयर प्रमाण पत्र जारी करने के लिए अनुरोध किया है:

| शेयरधारक/दावेदारों का नाम | फोलियों संख्या | प्रमाण-पत्र संख्या | शेयरों की विशिष्ट संख्या | शेयरों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| रश्मि अग्रवाल | 1233722 | 026401 | 6739558936-6739559050 | 115 |
| जी किशन रेड्डी | 0050438 | 003410 | 2844001-2845500 | 1500 |
| रवि मंचन्दा | 1250533 | 027607 | 6739756046-6739756505 | 460 |
| उमेश कुमार | 1147905 | 020058 | 6738771990-6738772104 | 115 |
| नरेश चन्देर | 1268328 | 028565 | 6739870126-6739870240 | 115 |
| जी काव्या | 0050439 | 003411 | 2845501-2847000 | 1500 |

किसी व्यक्ति द्वारा उक्त शेयरों के संबंध में कोई दावा/उपरोक्त उल्लिखित शेयरधारक/दावेदार के पक्ष में डुप्लिकेट प्रमाण पत्र जारी करने के संबंध में किसी भी आपत्ति के मामले में उसे/उन्हें इस सूचना के प्रकाशन तिथि के 15 दिन के भीतर अपने दावे या आपत्ति दर्ज करनी चाहिए। यदि इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर, उक्त प्रमाण पत्र के संबंध में बैंक द्वारा कोई दावा प्राप्त नहीं किया जाता है तो डुप्लिकेट शेयर प्रमाण पत्र/पुष्टिकरण पत्र जारी किए जाएंगे। सामान्य जन को उपर्युक्त प्रमाण पत्र के साथ किसी भी तरह के लेन-देन से सावधान किया जाता है।

**कृते पंजाब नैशनल बैंक**

दिनांकः 03.10.2023 **(एकता पसरीचा)**
स्थानः नई दिल्ली **कंपनी सचिव**

